प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.05.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में अब 6 दिन शेष रह गए हैं और ऐसे में चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों के शीर्ष केंद्रीय नेता प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं और मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। केंन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज ऊना विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत मलाहत, बसौली, जलग्रा, बहडाला, पुखरू, जखेड़ा, संतोषगढ़, भटोली में जनसम्पर्क कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज नाहन तथा ऊना में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह मंडी के बलद्वाड़ा, सरकाघाट, गोंटा तथा ढलवान में जनसम्पर्क कार्यक्रम में भाग लेंगे। इन चुनावों के लिए 30 मई को खुलेआम चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा।

लोकसभा चुनाव–2024 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के लिए शनिवार को चुनाव आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पुनिया ने ज़िला ऊना, पंजाब राज्य के ज़िला रोपड़ तथा होशियारपुर के उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों के साथ ऑनलाइन बैठक की तथा आवश्यक दिशानिर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ज़िला की सीमाओं पर स्थित नाकों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और किसी भी संदेहास्पद व असामान्य स्थिति व गतिविधि बारे आपसी समन्वय स्थापित कर तुरन्त सूचनाएं सांझी की जाएं ताकि अधीनस्थ ज़िला अधिकारी आवश्यक कार्रवाई कर सकें। पुनिया ने कहा कि भयमुक्त व निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए सजग रहते हुए तत्परता के साथ कार्य करें। उन्होंने ज़िला अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने तक निरंतर एक–दूसरे से सम्पर्क में रहें ताकि किसी भी प्रकार की गैर कानूनी गतिविधि पर तुरन्त कार्रवाई की जा सके।

कांगड़ा–चम्बा संसदीय क्षेत्र में घर से मतदान करने के पाँचवें दिन एक हजार 105 लोगों ने अपना वोट डाला। संसदीय क्षेत्र में कुल 8 हजार 644 पात्र बुजुर्ग और दिव्यांग

मतदाताओं ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अभी तक मतदान किया है। अभी तक वोट डालने वालों में 6 हजार 274 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग हैं। वहीं दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 2 हजार 350 और आवश्यक सेवाओं के कर्मचारी की संख्या 20 है।

लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप.चुनाव के लिए शनिवार को मतदान ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए पुलिस ग्राउंड केलांग में दूसरा पूर्वाभ्यास करवाया गया। इस दौरान ईवीएम वीवीपैट के माध्यम से मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान प्रक्रिया की बारीकियां समझाई गई। पूर्वाभ्यास के दौरान 327 मतदान अधिकारियों को विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त राहुल कुमार ने चुनावी ड्यूटी के लिए तैनात सभी पीठासीन व मतदान अधिकारियों को टीम भावना के साथ पूरी निष्ठा व समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह की धर्मशाला रैली से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखता हैं है–कांग्रेस ने हिमाचल की जनता को ठगा भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम किया। पंजाब केसरी के शब्द है– पी.ओ.के. भारत का हिस्सा , इसे लेकर रहेंगे– कहा चुनावों में कांग्रेस की हार का ठीकरा खड़गे के सिर फोड़ा जाएगा। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है– स्टेट पुलिस पैरा मिलिट्री में जाएंगे 75 फीसदी अग्निवीर। दैनिक जागरण के अनुसार– छुट्टियां मनाने शिमला आते हैं राहुल व प्रियंका, अयोध्या जी नहीं गए। दैनिक सवेरा टाईम्स के मुताबिक–दीया लेके ढूंढने पर भी अनुराग ठाकुर जैसा सांसद नहीं मिलेगा।

वहीं अखबार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हवाले से लिखता है–धर्म–जाति के नाम पर भड़काने के साथ देश को बांटने का काम कर रहे मोदी। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–भाजपा लॉन्ड्री सर्विस में हो रहा कलंक धोने का काम।

आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–बिकाऊ नेताओं को सबक सिखाएगी जनता– प्रदेश सरकार ने 15 महीने के कार्यकाल में समाज के हर वर्ग के लिए शुरू की हैं योजनाएं। वहीं अखबार अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखता है–मोदी सरकार ने जनता से किए हर वादे को किया पूरा।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–ऊना का पारा 43, बिलासपुर का 40 पार, 3 दिन चलेंगी गर्म हवाएं। आपका फैसला के शब्द हैं– हिमाचल के 3 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार।